मुक्त चिन्तन

News Letter

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

मुक्त चिन्तन

08 नवम्बर, 2024

मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के 27वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के 27वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 08 नवंबर 2024 को प्रातः 11:30 सरस्वती परिसर में किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें अनेक खेलों का आयोजन किया गया जिसमें पुरुष एवं महिला वर्ग में 100 मीटर दौड़, पुरुष एवं महिला वर्ग में 200 मीटर दौड़, चम्मच दौड़, 400 मीटर दौड़, पुरुष एवं महिला संवर्ग में पैदल चाल तथा पुरुष एवं महिला दोनों ही संवर्ग में अलग–अलग रस्सा कशी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति आचार्य सत्यकाम जी ने हरी झंडी दिखाकर किया।

हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का आरंभ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति आचार्य सत्यकाम जी

कार्यक्रम के प्रारंभ में खेलकूद आयोजन के समन्वयक प्रोफेसर संजय कुमार सिंह के द्वारा मा. कुलपति एवं कुलसचिव तथा विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मियों का स्वागत किया गया तथा माननीय कुलपति, कुलसचिव एवं रेफरी के रूप में मौजूद रहे डॉ0 बृजेश कुमार यादव एसोसिएट प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा विभाग, नागरिक पी. जी. कालेज जंघई को बैज लगाकर एवं कैप पहनाकर स्वागत किया गया। खेलकूद आयोजन समिति के संयोजक डॉ0 त्रिविक्रम तिवारी जी के द्वारा संचालन का कार्य किया गया। खेलकूद आयोजन समिति के सह– संयोजक डॉ0 सुरेंद्र कुमार ने रिपोर्टिंग तथा अंत में सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मियों के साथ–साथ खेलकूद आयोजन समिति के अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए खेलकूद आयोजन समिति के संयोजक डॉ0 त्रिविक्रम तिवारी

माननीय कुलपति, आचार्य सत्यकाम जी को बैज लगाकर एवं कैप पहनाकर स्वागत करते हुए खेलकूद आयोजन के समन्वयक प्रोफेसर संजय कुमार सिंह

कुलसचिव एवं रेफरी के रूप में मौजूद रहे डॉ0 बृजेश कुमार यादव को बैज लगाकर एवं कैप पहनाकर स्वागत करते हुए खेलकूद आयोजन के समन्वयक प्रोफेसर संजय कुमार सिंह

100 मीटर दौड़ पुरुष संपर्क में राम प्रवेश यादव प्रथम, डॉ0 योगेश कुमार यादव द्वितीय, डॉ0 राघवेंद्र सिंह तृतीय स्थान पर रहे।

100 मीटर दौड़ महिला संवर्ग में डॉ0 नीता मिश्रा प्रथम, डॉ0 कामना यादव द्वितीय, डॉ0 कौमुदी शुक्ला तृतीय स्थान पर रहीं।

200 मी. दौड़ में डॉ0 अनुज सिंह प्रथम, डॉ0 योगेश कुमार यादव द्वितीय, प्रोफेसर संजय कुमार सिंह तृतीय स्थान पर रहे।

200 मीटर दौड़ महिला संवर्ग में डॉ0 नीता मिश्रा प्रथम तथा डॉ0 कामना यादव द्वितीय स्थान पर रही।

चम्मच दौड़ में विश्वविद्यालय के शिक्षक वर्ग के प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें प्रोफेसर ए. के. मलिक प्रथम, प्रोफेसर संतोषा कुमार द्वितीय तथा डॉ0 गोपाल कृष्ण सिंह तृतीय स्थान पर रहे।

चम्मच दौड़

400 मीटर दौड़ में इश्वर विश्वकर्मा प्रथम, डॉ राघवेंद्र सिंह द्वितीय तथा डॉ अनुज सिंह तृतीय स्थान पर रहे।

पैदल चाल में राजेश पाठक प्रथम डॉ0 सुभाष पाल द्वितीय तथा डॉ0 योगेश कुमार यादव तृतीय स्थान पर रहे।

पैदल चाल महिला संवर्ग में डॉ0 साधना श्रीवास्तव प्रथम, डॉ0 सोहनी देवी द्वितीय तथा डॉ0 नीता मिश्रा तृतीय स्थान पर रहीं।

इस खेल में रस्सा कस्सी का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रोफेसर संतोषा कुमार की टीम विजेता रही जिसमें कुल 13 प्रतिभागियों की प्रतिभागिता रही।

इसी तरह रस्सा कस्सी महिला संवर्ग प्रतियोगिता में डॉ0 सुमन सिंह, डॉ0 सफीना, रूबी, डॉ0 सुषमा सिंह, डॉ0 कौमुदी शुक्ला की टीम विजेता रही।

माननीय कुलपति महोदय की उपस्थिति से सभी प्रतिभागी उत्साहित होकर प्रतोयोगिता में प्रतिभाग कर रहे थे। कार्यक्रम में माननीय कुलपति जी के द्वारा सभी का उत्साहवर्धन किया गया तथा सभी को उन्होंने शुभकामना भी दिया तथा आयोजन मंडल के सदस्य डॉ0 सी.के. सिंह, डॉ0 अभिषेक सिंह, श्री परविंदर कुमार वर्मा, डॉ0 आर. पी. सिंह, श्री निकेत सिंह को बधाई दिया।